सन्तानहीन, चित्त की भ्रान्ति, शिरःशूल, ज़ुकाम, नज़ला, मूत्राशय, आमाशय, वृकद्वय, हृदय, शिर, मस्तिष्क, यकृत की निर्बलता, तन्द्रा, सन्धिवात, नेत्रों में झपकी, स्वप्नदोष, शुक्रमेह, प्रमेह, इत्यादि रोग प्रायः आ दबाते हैं ॥

स्मरण रक्खो कि पृथक २ प्रकृतियों पर हस्तमैथुन का पृथक २ प्रभाव पड़ता है। हम को जो सैंकड़ों पत्र इस विषय में प्राप्त होते रहते हैं, उन से हम ने यह फैसला किया है, कि ऐसे मनुष्य भी हैं, जो वर्षों तक लगातार हस्तमैथुन या बहुमैथुन करते रहे हैं, परन्तु उन को इतनी हानि नहीं पहुंची, जितनी कि उन मनुष्यों को पहुंची कि जो दो चार मास हस्तक्रिया करते रहे। हम ने ऐसे मनुष्य भी देखे कि जिन्होंने दो चार वार हस्तक्रिया की थी और पश्चात् वह स्त्री प्रसंग के योग्य न रहे। जिन लोगों के पट्ठे (स्नायु) कमज़ोर होते हैं उन पर शीघ्र और गहरा प्रभाव होता है, और वह थोड़ी सी अनुचित क्रिया करके भी सारी आयु के लिए बरबाद हो जाते हैं, प्रकृति के विचार से अधिक उष्ण प्रकृति वाले बाह (मैथुन) के विषय में बहुत मज़बूत होते हैं, और उसके आगे गर्म खुश्क, सर्दतर और सर्द खुश्क प्रकृतियां समझें। सर्द खुश्क प्रकृति सब से अधिक निर्बल होती है बिना किसी ज्यादती के भी उसकी बाह (मैथुन शक्ति) बहुत कमज़ोर होती है। यदि किसी दुराचार में वह ग्रस्त हो जावे तो फिर क्या कहना है। ऐसे लोग अपनी मैथुन शक्ति की वृद्धि के लिए व्यर्थ परिश्रम करते रहते हैं। स्वाभाविक शक्ति से कैसे बढ़ सकते हैं।

शोक तो यह है, कि स्त्री पुरुष दोनों में यह बुरा व्यसन वर्तमान है। डाक्टर फुट साहिब ने दो लड़कियों का वर्णन किया है कि जो हर प्रकार की निर्बलता में ग्रस्त थी। उन का पिता ज डाक्टर साहिब के पास चिकित्सा के निमित्त आया, तो उस रोगवृत्तान्त सुना, और पीछे उन लड़कियों को गुप्त पत्र लिखा।

क्या तुम इस बुरे व्यसन में ग्रस्त हो, बेचारी लड़कियों ने अपना दोष स्वीकार किया, फिर डाक्टर की आज्ञा से उन्होंने इस बुरे व्यसन को त्याग दिया, इस का फल यह हुआ, कि सम्पूर्ण व्याधियां, रोम रोम निद्रानाश, पट्ठों की निर्बलता आदि सब दूर हो गई। यह बड़ी मूर्खता है, कि लोग वैद्य के पास जाकर असल रोग को प्रगट नहीं करते और यह कहते हैं, मेरा यकृत निर्बल है, या मुझ को प्रमेह है, या आंखें निर्बल हैं, या शिरःशूल है, या मैं दुर्बल होता जाता हूं। भोला डाक्टर उन के कथनानुसार इन्हीं रोगों का इलाज करने लग जाता है, मूल कारण हस्तमैथुन, अथवा बहुमैथुन दूर नहीं किया जाता। सम्भव है कि रोगी इस महा हानि कारक व्यसन प्रभाव को न जानता हो, किन्तु यह सम्पूर्ण रोगों का घर है। कामवरति शास्त्र तृतीय भाग में इस का वर्णन भली प्रकार करेंगे, अतः चिकित्सक को चाहिये कि अच्छी तरह पूछ करके मूल कारण को दूर करे॥

कतिपय डाक्टरों की सम्मतियां।

डाक्टर डैसेलैगड—एक ऐसे पुरुष के विषय में लिखते हैं के जिसे सई (तपेदिक) हो गया था, और इस दशा में भी यदि उसे अकेला छोड़ दिया जाता तो वह हस्तमैथुन कर बैठता था। परिणाम यह हुआ कि तीन मास के पश्चात् मर गया॥

एक डाक्टर—लिखता है, कि एक युवक अपना मूत्र परीक्षार्थ लाया और परीक्षा से ज्ञात हुआ कि वह पथरी रोग में ग्रस्त है। उस ने १६ साल की आयु से लेकर १९ वर्ष की आयु तक हस्तमैथुन किया था। उस की शारीरिक अवस्था महा रद्दी थी। बहुत से डाक्टरों ने हस्तकार पागलों का वर्णन किया है। अमरीका के एक धनाढ्य पुरुष का लड़का हस्तक्रिया से पगला हो गया। इसी प्रकार एक पादरी का लड़का जिस ने पाठशाला में बहुत अधिक हस्तमैथुन किया था पगला हो गया। पागलखानों में बहुधा पागल हस्तकार

होते हैं। डाक्टर बाइनल एक चित्रकार का वर्णन करते हैं, कि उस ने सारी निपुणता हस्तमैथुन के द्वारा नष्ट करदी थी और अन्त में पगला हो गया था॥

डाक्टर एनीवर्ट ने एक लड़की का वृत्तान्त लिखा है, कि वह बकरियां चराया करती थी, स्वतन्त्रता के कारण वह दो वर्ष तक खूब हस्तमैथुन करती रही। जिस के कारण उस की कामवासना बहुत प्रबल हो गई थी। किञ्चित् कारण से भी उस की कामाग्नि प्रचण्ड हो जाती थी, और वह विवश होती थी। उस का शिर और छाती आदि सर्व अंग बहुत दुर्बल हो गए थे। अन्त में यहां तक नौबत पहुंची कि केवल पुरुष के देखने, अथवा उस के स्पर्श हो जा[ने] से उस की प्रवृत्ति भड़क उठती और स्खलित हो जाती। अन्त में हस्पताल लाई गई परन्तु उस के वास्ते कुछ नहीं हो सका था वापिस अपने घर भेजदी गई जहां पहुंचते ही थोड़ी देर पीछे मर गई॥

हस्तकार अन्त में इतना दुर्बल हो जाता है कि बाज़ समय एक ही बार के भोग करने से मर जाता है। डाक्टर एन्डराब एक ऐसे मनुष्य का वर्णन करता है, कि जिस का एक वेश्या के घर [में] भोग के पीछे तुरन्त मूर्छा हो गई थी, और वह उसी दशा में हस्पताल लाया गया था॥

डाक्टर सैरस्स—एक ऐसे ही मनुष्य का वर्णन करता है जो हस्तमैथुन के साथ बहुमैथुन भी करता था। एक दिन वह वेश्[या] के घर में सारा दिन रहा और सायम को मूर्छित होगया, औ[र] तीसरे दिन मर गया॥

डाक्टर गीयोट—(Guiot) एक ५२ वर्ष के मनुष्य [का] ज़िकर करता है जो इस बुरे व्यसन के कारण पागल होगया। उ[स] की इन्द्री बहुत बड़ी थी और वह हर समय कामातुर रहता था॥

स्मरण रक्खो कि बलवान अपने आप को वश में रख सकता है, परन्तु हस्तमैथुन कर्ता तुरन्त कामातुर हो जाता है ॥

डाक्टर डैसेल्यराड—(Deseland) ने एक लड़की का वर्णन किया है, जिसे छोटी आयु में ही हस्तमैथुन का व्यसन पड़ गया था। और अन्त में उस की रुचि इतनी बढ़ गई थी कि वह विवश होकर बाजार में बैठ गई, और उस दशा में भी हस्तक्रिया को न छोड़ सकी, परिणाम यह हुआ, कि मृत्यु ने ही उस को इस व्यसन से छुटकारा दिया ॥

डाक्टर सैस्वरियर—(Scrurier) एक मनुष्य का वर्णन करते हैं, कि हस्तमैथुन के कारण उस के शरीर में केवल हड्डियों का ढांचा ही शेष रह गया था, आंखें अन्दर को धसी हुई और लगभग अन्धी थीं, हकलापन, और दन्त निर्बल थे, निदान वह इतना दुर्बल होगया कि हिल न सकता था। ६ मास तक इस दशा में रह कर मर गया ॥

डाक्टर टिस्सट—(Tissot) एक घड़ीसाज का वृत्तान्त लिखते हैं, कि यह पहिले बहुत निपुण और स्वस्थ था। परन्तु १७ वर्ष की आयु में उस ने हस्तमैथुन आरम्भ किया, कोई दिन न छुटता था, किसी २ दिन २, ३ वार तक कर बैठता था। निदान उस का मस्तिष्क (दिमाग) इतना निर्बल होगया, कि जब वह हस्तक्रिया करता तो पीछे मूर्छित होजाता। शिर पीछे की ओर लटक जाता ग्रीवा फूल जाती। यह मूर्छा दशा दिनों दिन बढ़ती गई, परन्तु यह मूर्ख तब भी न समझा, और उसकी काम उत्तेजना इतनी बढ़ गई, कि किञ्चित् छूने से भी वीर्य्य पात होजाता। स्त्री को देखते ही वीर्य्य निकल जाता, निदान यह ८ से १२ घण्टे तक मूर्छित रहने

लगा। इस दशा में कुछ खा पी नहीं सका था। कटि में असह्य पीड़ा होती थी, दुर्बलता इतनी बढ़ गई थी, कि वह मुर्दह सा मालूम होता था। रंग पीला, काम काज के अयोग्य, मुंह से लार और नाक से खून बहता था, पेचिश भी आरम्भ होगई और प्रत्येक दस्त के साथ वीर्य्य भी टपकता था। श्वास लेना दूभर होगया, कहां तक उस के दुःखों का वर्णन किया जाय, महा कष्ट भोग कर और देखने वालों को शिक्षा देकर मर गया॥

डाक्टर जिमरमैन—(Gimmerman) एक मनुष्य का जिस को पहले हस्तमैथुन से मृगी का रोग हुआ, और पश्चात् मृत्यु आई वर्णन करते है। डाक्टर एक्टन (Acton) हस्तकार के लक्षण इस प्रकार लिखते हैं :—"रंग पीला, दुबला, और एक निर्बल कदर्य्य रूप का होजाता है। आंखें भीतर धंस जाती हैं, पुतलियां फैल जाती हैं, कायरता इस का आवश्यक फल है। हस्तकार दूसरे मनुष्य के साथ आंख तक नहीं मिला सका। लज्जामान, और एकान्त प्रिय हो जाता है, यदि कोई बालक अच्छी स्मरण शक्ति रखता हो, और फिर विस्मृति का रोग हो जाय तो जानलो कि वह हस्तकार होगया॥

फिर वह लिखता है, कि इस दुर्व्यसन से नवयुवक बूढ़े, मुखपीत, सुस्त मूर्ख, नपुन्सक, कटि झुकी हुई, अधरंग और मन्दाग्नि वाले हो जाते हैं॥

डाक्टर हाफमैन साहिब—का कथन है, कि हस्तकार को स्वप्नदोष, शिर तथा कटि में पीड़ा, दृष्टि व स्मरण शक्ति हीनता, आत्मिक, शारीरिक, और मान्सिक निर्बलता, बुरे भयंकर स्वप्नों का आना, दिमागी चक्कर, कितनों को पागलपन, कितनों को गंठिया, कितनों को आमाशय और छाती की वेदना हो जाती है। वीर्य्य बिना इच्छा बहने लगता है। इन्द्री निकम्मी हो जाती है, शीघ्रपतन, स्व- और अन्त में पूर्णतः नपुन्सक (नामर्द) बन जाता है॥

डाक्टर टिसट—(Tissot) का कथन है, कि और बहुत सी खराबियों के भिन्न एक यह बहुत बड़ी खराबी है कि मनुष्य स्त्री भोग के योग्य नहीं रहता, और बाज़ों को चैतन्यता नहीं होती, अथवा अपूर्ण होती है, अथवा होकर शीघ्र ही मिट जाती है । चैतन्यता होते ही, या स्त्री के आलिंगन आदि करते ही, या केवल विचारों के उत्पन्न होते ही धातु निकलना आरम्भ हो जाती है ॥

डाक्टर समिथ— ।है, क्षई रोग (तपादिक) के एक हज़ार रोगियों में से प्रायः १८६ के रोग का कारण बहु मैथुन था, १८३ रोगियों का कारण हस्तमैथुन था, २२० रोगियों का स्वप्नदोष व शुक्रपतन था, अन्य और कारणों से रोगी थे । २२८ पागलों में २४ मनुष्य केवल हस्तमैथुन से पागल हुए थे । वास्टर के पागलखाना के १९९ पागलों में ४२ केवल हस्तमैथुन से इस दुर्वस्था को पहुंचे थे ॥

डाक्टर मिलर (Miller) ने अत्यन्त स्पष्ट रूप से मैथुन की बुराइयों का वर्णन किया है । जो इस साधारण पुस्तक में नहीं आसक्तीं । संक्षिप्त लिखते हैं :—

लिंगेन्द्री की खराबियां ॥

अण्डकोश लटक जाते हैं । बाज़ समय उन में पीड़ा होती है । लिङ्गेन्द्री में सरसराहट प्रतीत होती है । उत्तेजना कम, शीघ्रपतन, बिना आनन्द स्वप्नदोष, प्रमेह, नपुंसकता हो जाती हैं । रुचि सर्वथा नहीं होती । यदि कुछ होती भी है तो प्रविष्ट करते ही वीर्य्य निकल कर लज्जा का सामना होता है ॥

आमाशय की खराबीयां—कोष्टबद्धता (कबज) सदैव होती है । कभी पेचिश भी हो जाती है । स्मरण रहे कि इस कोष्टबद्धता का इलाज रेचक गोलियों से न करना चाहिये, यदि आव-

श्यकता हो तो मलभेदकवटी भी दें, परन्तु अधिकतर व्यायाम करना और असल कारण को दूर करना, और पुष्टी दायक औषधियां खाना, फलों का अधिक सेवन करना, इस का इलाज है ॥

हस्तमैथुन—से मूत्राशय मसाना निर्बल होजाता है, मूत्र बार बार आता है, स्तम्भन नहीं होता, गुर्दे के रोग या प्रमेह या ब्राइट डिज़ीज़ (bright-disease) (पेशाब कम और शरीर पर शोथ आरम्भ होजाता है) क्षुधा कम होजाती है, पाण्डु, उद्गार, यकृत की निर्बलता, धड़का, जलन, घोर मन्दाग्नि, कमज़ोरी, दन्तरोग, वलिपलितरोग, बालझड़, जुकाम, कुरूपता, आंखों का धसना, उन्माद, निदान क्षई होकर मर जाता है ॥

पृष्ठवंश—(रीढ़ की हड्डी) के रोगः—अधो भाग में शूल, कटि में शूल, टांगों की निर्बलता, प्रायः निचले भाग में अधरंग हो जाता है। डाक्टर साहिब लिखते हैं, कि मृगी और मूर्छा के रोगी बहुधा हस्तकार ही हुआ करते हैं। एक बार एक बालक को स्कूल में मृगी आरम्भ होगई। उस के माता पिता उस का कारण परिश्रम समझते थे, परन्तु मैंने ध्यान रखना आरम्भ किया, और उसे पकड़ा और समझाया, किन्तु वह मूर्ख इस कुक्रिया को त्याग न सका, निदान पागल खाने में भेजा गया और वहां मर गया ॥

मस्तिष्क विचारः—मस्तिष्क निर्बल, चित्त का भ्रमयुक्त होना, हर समय बुरी चिन्ताओं में प्रवृत रहना, चित्त का स्थिर न होना, मन को अपने वश में न रख सकना, दृष्टि शक्ति, श्रवण शक्ति हीन, सर्व इन्द्रियां निर्बल, स्वर भद्दा, टूटा फूटा, कानों में शांय २, स्वभाव चिड़ चिड़ा, शारीरिक और मानसिक दुर्बलता बनी रहती है। और फिर दुष्ट कामनाओं का दास बन जाता है। आज समय आत्मघात कर लेता है। विद्यार्थियों को जब अत्यन्त दुर्बल देखो तो

उसका कारण बहुत परिश्रम न समझो। बाज़े लड़कों को तो स्कूल ही छोड़ना पड़ता है, लोग कहते हैं, इस ने बड़ा परिश्रम किया है, किन्तु नहीं॥

पाठक गण !

इस ने दूसरी ओर बी० ए० पास कर लिया है, अब पढ़ने की आवश्यकता ही क्या है, अस्तु कहां तक वर्णन किया जाय, हस्त मैथुन की इतनी बुराइयें हैं, कि उसके सविस्तर वर्णन के लिए एक बड़े ग्रन्थ की आवश्यकता है जो लिखा जारहा है॥

हमारे पास इसके बुरे परिणाम के इतने पत्र आते हैं, कि यदि उन सब का वर्णन किया जाय तो एक भारी ग्रन्थ हो जाय और प्रत्येक पढ़ने वाला एक २ पत्र को पढ़ कर हैरान हो जाय। सारा संसार इस बुरी क्रिया से व्याकुल है। एक बार एक नवयुवक को देख कर तो मेरे रोंगटे खड़े होगए। एक रोगी की चिकित्सा के लिए मैं गया हुआ था, वहां मैंने देखा कि वह २० कदम भी न चल सकता था, तुरन्त श्वास चढ़ने लगता था, उसकी दुर्बलता इतनी बढ़ी हुई थी कि उसका जीना आश्चर्य मालूम होता था। उस ने बताया कि ८ वर्ष की आयु से लेकर १७ वर्ष की आयु तक इतना हस्तमैथुन किया कि कई बार तो ३-४ बार दिन में किया करता था १५ वर्ष की आयु में विवाह हुआ १९ वर्ष की आयु में पक्षाघात (अधरंग) हुआ, २२ साल की आयु में फिर अधरंग का आक्रमण हुआ, २३ साल की आयु में फिर दौरा हो गया, ए पेचिश आरम्भ हुई, २९ साल की आयु में घोर धड़का आरम्भ हुआ, और इस समय इस को श्वास रोग, यकृत की वृद्धि, मन्दाग्नि, पेट में भारीपन और बोझ, यकृतशूल, कटिशूल, गुरदे की [illegible] और दर्द, पिंडुलियों में दर्द, पेट में दर्द, स्मरण शक्तिहीन, दुर्बलता इत्यादि

रोग थे, नख से शिख तक वह दुर्बल था। और मेरे देखने के थोड़े महीनों के पीछे उस का देहान्त हुआ। आज कल ऐसा समय आगया है, कि सैकड़ों पीछे ९९ इस दुर्व्यसन के शिकार हैं, फिर क्यों न प्रत्येक जन धातु पुष्टि की औषधियां ढूंढता फिरे॥

लड़कों से प्राकृतिक नियम के विरुद्ध व्यभिचार करनेकी भी ऐसी ही हानियां हैं। प्रत्युत इस में भी अधिक हैं इस लिए उसका पृथक वर्णन नहीं किया गया। यह प्रकृति नियम वरुद्ध निस्संदेह भारी पाप है॥

—०—

बहु मैथुन।

हिन्दू शास्त्रों में लिखा है कि तरुण पुरुष और स्त्री का जब विवाह हो, और स्त्री ऋतुस्नान से शुद्ध हो तो पुरुष केवल एक वार गर्भाधान करे। और गर्भ स्थित होन के पश्चात् जब तक बालक उत्पन्न होकर माता का दूध पीना न छोडे तब तक दोनों भोग करने से बचे रहें। इस विधि से मानो ढाई वर्ष में एक बार नौबत पहुंचती है। खैर यह तो हुई धर्मशास्त्र की आज्ञा। हमें अपने पाठकों को यह कर्णगोचर करना है, कि कितन दिनों के पीछे भोग किया जाय, जिस में स्वास्थ्य में कोई फर्क न आवे। उपर्युक्त नियम बहुत उत्तम हैं, परन्तु मनुष्यों की दशा आज कल बहुत गिरी हुई है॥

बहुमैथुन—हमारे देश में इतना बढ़ गया है, कि जिस का करना असम्भव है। एक बार मैंने एक महाशय के पत्र को पढ़ कर दांतों में उंगली दबाई, उस पत्र में लिखा था, "कि सात आठ साल तक मैं लगातार ५, ६ दफा दैनिक भोग करता रहा" मैं सोचने लगा, कि इतना ब पुरुष और खुराक खाने वाला यदि किञ्चितभी अपने आप को रोकता तो आज इस को मेद तक आने

की क्या आवश्यकता पड़ती ? अपने धन से वह संसार को हैरान करता ।

बहुमैथुन—ने भारतवासियों का सत्यानाश कर दिया है। स्त्री के मासिक रजोधर्म के दिनों में, या बीमारी के दिनों में, वेश्याओं से मुंह काला करते हैं, और प्रायः रजस्वला की भी परवाह नहीं करते। बड़े २ शुद्धाचारी कहलाने वाले उपदेशक महाशय व दूसरी स्त्री की ओर दृष्टि भी न करने वाले अपने घर में बहुमैथुन से नहीं रुकते ॥

एक डाक्टर साहब लिखते हैं:—शोक ! कि कितने विवाहित जोड़े हैं जिनका स्वास्थ्य भोग के नियमों की अज्ञानता से तबाह और बरबाद हो चुका है। बिना किंचि सोचने के वह क्या कर रहे हैं ?

वह असावधानी से अपनी रुचियों की बागडोर ढीली छोड़ देते हैं, और पागलपन से दुःख और शोक की ओर जाते हैं ॥

बाज लोग इस मूर्खता के कारण बहुमैथुन करते हैं, कि कहीं स्त्री यह न समझ ले कि इन में वल नहीं है। मूर्ख यह नहीं जानते कि जब बहुमैथुन के कारण न मर्द हो जावेंगे तो उस समय सर्वथा ही इच्छा पूरी न कर सकेंगे, फिर क्या होगा। यहां यह लिखना आवश्यक मालूम होता है कि स्त्री बहुमैथुन से कभी प्रसन्न नहीं होती है। बहुमैथुन से वह घृणा करती है। पूर्ण स्खलित होना इस के लिए अत्यन्त आनन्द का हेतु है, और दैनिक कोई स्त्री स्खलित होती नहीं, यदि हो तो थोड़े काल में मुर्दा होजावे। १४ दिन पीछे एक बार प्रसन्न करने वाले को दैनिक ४ बार अपना आप गवाने वाले की अपेक्षा अधिक पसन्द करती है ॥

शरीर का सार वीर्य है। रुधिर की सं बून्द के बराबर वीर्य की एक बून्द होती है। वह ऐसा अमोल रत्न है कि इस से शरीर

उत्पन्न होता है। इस को बरबाद करना किसी मूर्खता का काम है। रिसाला वीर्य्य कीपर ॥=) में हमारे यहां से मंगाकर पढ़ें। डाक्टर कारपेन्टर (Carpenter) साहिब लिखते हैं, कि बहुमैथुन से पट्ठों की क्रिया बार २ होने से स्वास्थ्य को हानि पहुंचाने वाले हेतु उत्पन्न होते हैं॥

डाक्टर एकटन (Acton) साहिब ने अच्छी तरह दिखाया है, कि मैथुन का प्रभाव अवश्य पट्ठों के द्वारा मस्तिष्क तक पहुंचता है। और दुर्बल जन प्रायः इस आघात से मर भी जाते हैं। देखिए! कि ससा (खरगोश) स्खलित होने के पश्चात् एक ओर को गिर पड़ता है। मैथुन से बल नष्ट होता है, और पट्ठों को आघात पहुंचता है, शारीरिक और आत्मिक बल तथा ओज निकल जाते हैं। तब आप समझ सकते हैं कि बहुमैथुन कितना हानिकारक होता है॥

बहुमैथुन की कहानियां।

डाक्टर एकटन साहिब लिखते हैं, कि जीवन दायक रत्न का अधिकता से निकलते रहना और प्रसङ्ग से उत्पन्न हुए पट्ठों के जोश का बार २ होना बहुत ही हानिकारक है। प्राय नियम से रहने वाले स्त्री पुरुष भी विवाह होते ही दैनिक मैथुन आरम्भ कर देते हैं, और उस समय तक करते रहते हैं, जब तक कि बीमारी उन्हें विवश नहीं कर देती। वह इलाज करवाते हैं, वैद्य उन के साधारण रोग का इलाज करता है, बहुमैथुन के विषय में एक प्रश्न भी नहीं पूछता, और न ही बचे रहने की आज्ञा करता है। निदान मन्दाग्नि, पट्ठों की निर्बलता, आदि रोगों से उस को आराम नहीं आता है। यदि रोगी किसी ऐसे डाक्टर के पास आवे जो कि उस को बता दे कि यह समस्त रोग बहुमैथुन के कारण हैं, तो वह विस्मित होता है। बलवान् पुरुष को पहिले पहल बड़ी भारी खराबी नहीं होती और इस पर वह समझते हैं, कि इस से कोई हानि न होगी, परन्तु शीघ्र

नहीं तो कुछ देर में उस को इस का फल अवश्य भुगतना पड़ता है। बाज रोगों का कारण हम लोगों को मालूम न होता था, अब निश्चय हो गया है कि उन रोगों का कारण बहुमैथुन है।

अरस्तू ने एक बार सिकन्दर को लिखा था, " कि काम उत्तेजना के वशीभूत न हो, यह प्रकृति शूकर की है " ॥

मुफर्रहउलकलूब (यूनानी पुस्तक) में लिखा है, बहुमैथुन सब से अधिक हानिकारक है और बहुभोग से यह खराबियां उत्पन्न होती हैं:—पट्ठों की निर्बलता दृष्टि शक्ति की हीनता, प्रमेह स्वप्नदोष, शीघ्रपतन, पीठ में दर्द, धड़का, मस्तिष्क की निर्बलता, यकृतशूल अजीर्ण, शरीर का दुर्बल होना, व्याकुलता, सन्तान का न होना या दुर्बल होना, धातु का पानी के सदृश पतला होना, कुरूपता, चेहरे पर मुर्दापन, नेत्रों में अशोभा, और प्रत्येक काम से जी उकताना, किसी से बात करने को जी न चाहना, आखों से पानी जाना, दर्द सिर निरन्तर, नजला, जुकाम मूत्राशय की निर्बलता, आमाशय की निर्बलता, बृक्क की निर्बलता, यकृत की निर्बलता, हृदय की निर्बलता और स्मरण शक्ति की हीनता इत्यादि " ॥

किसी ने सत्य कहा है:—"धातु शक्ति है, शक्ति ही जीवन है, शक्ति ही तरुणाई है, शक्ति की कमी बुढ़ापा है, और शक्ति का ही नाश मृत्यु है" ॥

डाक्टर फुट साहिब का कथन है —"कि बहुमैथुन स्त्री को कम और पुरुष को अधिक हानि पहुंचाता है। क्यों कि पुरुष के बहुमैथुन में स्त्री भाग नहीं लिया करती। एक और डाक्टर साहिब लिखते हैं कि बहुमैथुन से ऐसे बुरे फल पैदा होते हैं जिनसे स्त्री और पुरुष दोनों का नाश होजाता है। स्त्री पुरुष इसके स्थान में कि संसारिक सुखों को उपभोग करके पूरी आयु को पहुंचते, थोड़ी

आयु में ही संसार से चल बसते हैं। यह बात अधिक व्याख्या की मुहताज नहीं है॥

कितने समय पश्चात् भोग करना चाहिये॥

अब इस स्थान पर   क प्रतीत होता है, कि बहुमैथुन और उचित मैथुन की कोई सीमा नियत की जाय, जिससे मनुष्य उचित सीमा के अन्दर रहकर बहुमैथुन से बच सके। वैद्यक चिकित्सा ग्रन्थों में लिखा है, कि स्वस्थ और बलवान् पुरुष को प्रति चौथे दिन मैथुन करना चाहिए, लेकिन ग्रीष्मऋतु के दो महिनों में हर पन्द्रहवें दिन इस क्रिया को करना उचित है। अब इस सिद्धान्त पर अच्छी तरह विचार करना चाहिये कि वह आज्ञा युवा तन्दुरुस्त और बलिष्ठ आदमी के वास्ते है। मानो युवा, से भी युवा स्वस्थ से भी स्वस्थ, दृढ़ से भी दृढ़, आदमी को अपना जीवन और स्वास्थ्य स्थिर रखने के वास्ते इन नियमों का पालन करना चाहिये। तब महाशयो! ज़रा सोचने की बात है कि सप्ताह में दो बार जब स्वस्थ और बलवान् के वास्ते आज्ञा है, तो दुर्बल हस्तकार और आजकल के रोगियों के वास्ते दैनिक करना कितना हानिकारक है। और क्या ऐसे मनुष्यों को कोई भी औषधि लाभ पहुंचा सकती है? कदापि नहीं! चाहे वह कैसी उत्तम से उत्तम औषधि खावें कोई लाभ न होगा। शोक! सामर्थ्य तो ऐसी हो कि बिना स्तम्भन वटिका खाए मनोर्थ पूरा न कर सके, परन्तु मैथुन प्रति दिन एक बार से अधिक करने से भी बाज़ न आवें। मुझे हंसी आया करती है, जब कि प्रायः श्रीमान् लिखा करते हैं, कि एक बार तो सम्भोग होजाता है, परन्तु दूसरी बार उत्तेजना नहीं होती। शोक है ऐसे मनुष्यों पर! जालीनूस ने एक स्थान पर लिखा है, कि छः मास के पश्चात् मैथुन करना चाहिये। बूअलीसिना से

ऐसे एक मनुष्य ने पूछा कि स्त्री भोग कितने दिन पश्चात् करना चाहिये? उसने उत्तर दिया कि एक वर्ष के पश्चात्। उसने कहा जो एक साल न रह सके, आपने फरमाया, छः मास के पीछे करे। उसने फिर पूछा कि जो छै मास भी न रह सके, आपने कहा तीसरे महीने करे। उसने कहा जो इतना न रुक सके, कहा कि हर मास में एक वार मैथुन करे। युवक को शांति न हुई और कहा जो इतना भी सन्तोष न कर सके, फरमाया कि हर सप्ताह मुंह काला करे। युवक ने इस पर भी पूछा कि जो इतनी देर भी न रुक सके? आप ने कहा चौथे दिन भोग करे। युवक ने फिर भी वही प्रश्न किया जिस पर (शेखउलरईस बूअलीसेना) ने फरमाया कि जो उसका जी चाहे करे परन्तु भी तैय्यार रक्खे॥

तात्पर्य्य यह है कि दैनिक भोग करने वाले की साथ २ रहती है, न जाने कब करले। बूअली सेना ने बड़े बलवान् पुरुष के लिये चौथे दिन की आज्ञा दी है॥

फिर साहिबो?

आज कल के पुंसत्व हीन, धातु क्षीण रोगियों को क्या साल तक भी करना चाहिए। डाक्टर साहिब लिखते हैं, कि दैनिक भोग बलवान् से बलवान् मनुष्य के वास्ते जो आज तक हुए हैं बहुत है। ऐसे मनुष्य भी हैं, जो वर्षों तक इस क्रिया को अपनी शक्ति में बिना किसी विशेष वर्णनीय कमी के कर सके हैं, परन्तु एक समय आ जाता है, कि वह निर्बल होने आरम्भ होते हैं। सप्ताह में दो बार

से मनुष्यों के वास्ते बहुमैथुन है। सप्ताह में एक बार सीमा बद्ध कहा जा सकता है। और केवल स्वस्थ मनुष्य २५ साल की आयु से ४० साल की आयु तक इसके अनुसार कर सकते हैं॥

२१ वर्ष तक सर्वथा मैथुन न करना चाहिये, २१ से २५ के भीतर यदि आवश्यकता हो तो दसवें या पन्द्रहवें से अधिक न करना चाहिये। जितनी अधिकता की जावेगी उतना ही बल कम होता जायगा। यदि बुढ़ापे तक नीरोग रहना चाहते हो, तो तरुणाई में वीर्य को नष्ट न करना चाहिये॥

डाक्टर एक्टन (acton) साहिब लिखते हैं, कि यदि कोई पूछे कि मैथुन में अधिकता क्या है ? तो मैं उत्तर दूंगा कि जो और कामों में अधिकता है। अधिकता वह है जिससे स्वास्थ्य को हानि पहुंचती है। मेरे तजुर्बे में परिश्रमी मानसिक काम करने वाले विवाहित पुरुष किञ्चित ही ऐसे होंगे जो कि सप्ताह में एक बार से अधिक इस काम में प्रवृत्त हो सके हैं। दृढ़ और स्वस्थ मनुष्यों के लिए यह नियम है॥

डाक्टर ट्राल (trall) साहिब ने वही नियम लिखे हैं, जो कि हिन्दू शास्त्रों में अंकित हैं। और वह यह भी लिखते हैं, कि जो काम वासनाओं में फंसे हुए हैं वह इन नियमों का पालन नहीं कर सके। और जो लोग नियमानुसार जीवन व्यतीत करते हैं, जिन का सिद्धान्त है, कि जीने के लिए खाओ, न कि खाने के लिए जिओ, व्यायाम करते हैं, स्वास्थ्य सम्बन्धी नियमों का पालन करते हैं, शारीरिक स्वास्थ्य का उन्हें पूरा ध्यान होता है, तो वह प्रायः यह काम भी नियमानुसार करते हैं। जो दुर्बल होते हैं, कोई काम नियमानुसार नहीं करते, और स्वास्थ्य जिनकी दृष्टि में कुछ नहीं, आहार, वस्त्र, नियमित व्यायाम का जिन्हें ध्यान नहीं, वह सदैव बहु-मैथुन किया करते हैं। इसके अतिरिक्त जो लोग इस काम पर लगे रहते हैं, उनके वास्ते कोई नियम नहीं है। राजाओं नव्वाबों का कोई दिन खाली नहीं जाता है, परन्तु इनका ध्यान इसी ओर होता है, और वह हजारों रुपए बल लाभ करने के लिये खर्चे करते रहते हैं। इस पर भी वह बड़ी आयु में स्त्री के योग्य नहीं रहते॥

डाक्टर ट्राब साहिब का कथन है कि, मेरा यह विश्वास है, किञ्चित ही ऐसे होंगे जो सप्ताह में एक बार बिना स्वास्थ्य की खराबी और जवानी में बुढ़ापा लाने के कर सकते हैं ॥

मुफ़र्रहुल्कलूब में लिखा है, कि पित्त, कफ़ प्रकृति वाले काम में अधिक प्रवृत्त हुआ करते हैं, और मैथुन से कम हानि पाते हैं। परन्तु वातज प्रकृति वाले उनसे कम और कफ़ज व वातज प्रकृति वाले इस क्रिया में असमर्थ होते हैं ॥

मैथुनाधिक्य के लक्षण

डाक्टर लिलेमण्ड (Lilamond) साहिब के वचन विशेष माननीय हैं। अर्थात् जिस भोग के पश्चात् आनन्द आवे, शरीर में स्फूर्ति और नूतन शक्ति ज्ञात हो, शरीर अधिक फुरतीला और काम करने के योग्य हो, जबकि व्यायाम या मानसिक काम की अधिक रुचि, लिंगेन्द्रिय मे थोड़ी देर पीछे शक्ति और अनुभव हो, तो हमें समझना चाहिये कि सम्भोग स्वास्थ्य के नियमानुसार हुआ है। यदि भोग क्रिया के पीछे थकान, शिर का भारीपन, अनुभव हो तो जान लेना चाहिये कि उचित सीमा उलंघन की गई ॥

क्यों साहिब! छाती पर हाथ रख कर बताओ तो सही, कि कभी तुमने इस नियम की पालना की है, फिर तुम्हें सदा औषधियों की कता न रहे तो क्या हो?

दूसरा नियम—अधिकता जानने का यह भी है कि जब तक सच्ची रुचि न हो सम्भोग न करें। सच्ची रुचि वह है, जो बिना स्त्री के साथ हंसे बोले बिना किस्सा कहानियों के सुनने, बिना में ऐसे विचारों को लाए, अपने आप हो और मनुष्य को मैथुन की ओर प्रेरित करे ॥

स्मरण रहे कि थोड़ी सी थकावट और सुस्ती जो थोड़ी देर के वास्ते जान पड़ती है उस से वेपदाली (अधिकता) जाहिर नहीं होती, कमज़ोरी ज्यादह, सुस्ती, उदासी अधिकता प्रगट करती है। जब कि भोग के पीछे शिर में दर्द होने लगे, तो यह अत्यन्त दुर्बलता का लक्षण है। इन नियमों पर ध्यान देने और सोचने विचारने से ज्ञात होगा, कि प्रति सैकड़ा ९९ मनुष्य उचित सीमा से बढ़ कर करने के कारण कैसे २ रोगों से फस रहे हैं। आज कल के निर्बलों के लिए कई महीनों के पश्चात् नियमानुसार दशा आसक्ता है। हम जानते हैं कि विषयी लोग तरह २ के कष्ट उठाते हुए भी इतनी देर सन्तोष न कर सकेंगे, परन्तु यह उन की इच्छा है कि स्वास्थ्य और आनन्द की ओर पग धरें, अथवा रोग और दुःख की ओर। विषयी पुरुषों के वास्ते जो किसी की नहीं सुना करते इतना और निवेदन कर देते हैं कि यदि हमारी सम्मति को नहीं मानते तो परमेश्वर के लिए इतना तो अवश्य करें, की महीने में एक दो वार, और अधिक से अधिक चार वार से कभी न बढ़ें अन्यथा शीघ्र ही हाथ मल २ कर रोना पड़ेगा, और निश्चय जानो कि वह दिन शीघ्र आने वाला है, जब कि तुम वर्ष में एक वार भी नहीं कर सकोगे, नपुंसक कहलाओगे, या ऐसे कठिन शीघ्रपतन रोग में ग्रस्त होगे कि बस लज्जा ही पल्ले पड़ा करेगी। उस समय तुम्हारा जीवन बोझ प्रतीत होगा, काश! की हमारी शिक्षा को पहले ही मान जाओ॥

क्लैब्यता के अन्य कारण॥

हस्तमैथुन, अनुचित व्यवहार व मैथुनाधिक्य ही वीर्य्य सम्बन्धी सर्व रोगों के विशेष कारण हैं जिसका वर्णन हो चुका है। दो चार नोट और आवश्यक हैं जो अंकित किये जाते हैं॥

लिंग वर्णन करने की हम यहां आवश्यकता नहीं समझते,

संकेत मात्र लिखते हैं, यह मैथुन से भी जो निर्बलता होती है वह भी प्राण शक्ति, रक्त, और वात के कम होने से होता है और यही तीन वस्तुयें उत्तेजना के वास्ते आवश्यक हैं। प्राण शक्ति सूक्ष्म है, आनन्द प्रदान करती है, रुधिर के कारण कठोरता इस में आती है, और वात से फैलावट होती है॥

प्राण शक्ति तीन प्रकार की-हार्दिक, मस्तिष्कीय, और यकृतीय॥

हार्दिक शक्ति से मैथुन में आनन्द आता है॥

मस्तिष्क की शक्ति से स्त्री पुरुष के जननेन्द्रियों के मिलने व छिलने से आनन्द होता है॥

यकृत् शक्ति मैथुन की ओर प्रेरित करती है॥

इन २ की निर्बलताओं से उनकी जीवन शक्ति में निर्बलता आजाती है। और रुधिर की कमी से जो क्लैव्यता होती है उस में कठोरता नहीं आती है। और यह अधिकतर यकृत् की निर्बलता के कारण से होता है॥

वात क्षय की क्लैव्यता में फैलाव भली भांति नहीं होता उस समय वातक औषधियां व पदार्थ दिए जाते हैं परन्तु इस प्रकार का रोग हमने कम देखा है। वीर्य्य के अधिक निकलने और उसके खराब हो जाने से प्रायः क्लैव्यता होती है। यही तो शरीर का सूर्य है और इस के न होने से शरीर के समस्त अवयव भी निर्बल हो जाते हैं और तब प्राण रक्त वात भी हो तो बिना इस के वह कर ही क्या सकता है, इस वास्ते बहुत करके ध्यान रखना चाहिए कि वीर्य्य जब कम हो, पतला हो, या दूषित हो तो पहले उस की ओर ध्यान दिया जाय॥

इतर क्रिया से यदि नसें व पट्ठे ऐसे सुस्त हो गए हैं, कि उन पर वायु की गति का कुछ प्रभाव नहीं होता है तो भी उत्तेजना

असम्भव है, उस समय उपर्युक्त कारणों का खोज करके उस औषधि के साथ २ कोई तिला व लेपादि की मालिश से उन नसों व पट्ठों को दृढ़ करना चाहिये ताकि वह प्रभाव उचित जगह पहुंचा कर पूरी शक्ति का हेतु बन सके॥

सब से बुरी प्रकार की नपुंसकता

वह है जो कि मन से उत्पन्न होती है। भय शंका घृणा, संभ्राति आदि सम्पूर्ण बल नष्ट कर देते हैं। यह विचार कि मैं प्रबल नहीं हो सकूंगा मैं निर्बल हूं, नपुंसक बनने के लिए पर्य्याप्त है। तुम ऊपर २ से खूब कहते हो कि मैं बलवान् हूं, जबरदस्त हूं परन्तु थोड़ा आन्तरिक विश्वास हो जावे कि तुम कुछ नहीं कर सकते हो, फिर घोड़े जैसा बल भी हो परन्तु तुम कुछ नहीं कर सकोगे। मन की शक्ति बड़ी प्रबल है, इसका इलाज किसी औषधि से नहीं हो सकता, इसके वास्ते और उपाय करने पड़ते हैं। कई लोगों के पत्र हमको आते हैं, कि हम घर तो सब कुछ कर लेते हैं, परन्तु बाहर कुछ नहीं हो सकता है।ऐसे मनुष्यों को तो हम यह उत्तर दिया करते हैं, कि अच्छा है तुम एक पाप से बचते हो,परन्तु प्रायः ऐसा होता है, कि मनुष्य अपने घर से भी रह जाता है, और इसका कोई कारण सिवाय मन के सन्देह के मालूम नहीं हुआ करता है। पहिली वार ही पास जाते समय भय और शंका मालूम हुई और कुछ न हुआ, इस के पीछे फिर वह भय दूर नहीं होता। अभिज्ञ वैद्यों से सैंकडों रुपयों की औषधियां लेकर खाते हैं और लाभ नहीं होता। बाज़ी मूर्ख स्त्रियां भी अपने पति की नपुंसकता का हेतु होती हैं, एक बार किसी कारण से पुरुष रह गया वह हंस देती है, घृणा की दृष्टि से देखती है, या मखौल कर देती है. उस से पुरुष के दिल में बड़ी से [illegible] है, और सदैव के लिए कम से कम उस स्त्री के लिए नपुंसक हो जाता है। मनको मन से ही उठाया जा[illegible] है, और इसी सिद्धान्त पर सब इलाज किया जाया करता है॥

पहुंचे खटाई तेल मिर्च, अधिक लवण भी कुव्यथा उत्पन्न करते हैं। सोजाक, आतशक के पीछे भी नपुंसकता हो जाया करती है। लिंगेन्द्री में किसी प्रकार की खराबी, किसी नाड़ का कट जाना अण्ड कोषों का अपने काम में निर्बल हो जाना, पुंसकत्व को कम करते हैं। इस प्रकार कई बातें हैं, [illegible] जान कर और असली कारण को मालूम करके इलाज किया हुआ कुछ लाभ दे सकता है अन्य नहीं॥

यह रोग बड़े कठिन रोग हैं, और वह लोग अधिक रोगी होते हैं, जो अज्ञानता से बिना चिकित्सक के गुण स्वभाव जाने इलाज कराते रहते हैं॥

लिंगेन्द्रियों की चिकित्सा पद्धति॥

कारणों का वर्णन हो चुका अब चिकित्सा लिखी जाती है। लिङ्ग के रोगों से हमारा अभिप्राय वीर्य्य रोगों, नपुंसकता, शीघ्र पतन, शुक्रमेह, धातु तारल्य, लिङ्ग की नसों, और पट्ठों की शिथिलता प्रमेहादि, इन के साथ जो और रोग होते हैं, जैसाकि पहले बयान किया गया है, यह सब इसी के भीतर समझनी चाहिए॥

शोक का स्थान है, कि यह रोग इतने बढ़ते जाते हैं, कि दैनिक डाक को देख कर भारत वर्ष की दशा पर रोना आता है। झूठे मत और सभ्यता के फैलाने वाले कहते हैं, कि ऐसे रोगियों के इलाज की आवश्यकता नहीं है। उन्हों ने अपने किए का फल पाया और ऐसी औषधियों का विज्ञापन देना पाप है। परन्तु साहिबो! डूबते को बचाना, गिरे हुए को उठाना तो हमारा कर्तव्य है॥

डाक्टर ट्राल (Trall) साहब लिखते हैं, कि जो लोग इस समय ऐसे कठिन रोगों से पीड़ित हैं वह कभी इन कुकर्मों के कर्ता न बनते यदि उनको पहले बतलाया जाता। बल्कि उनको इनके विनाशकारी

फलों से अवगत करते हैं, और न माता पिता उन बातों को बताना कर्तव्य समझते हैं दुराचारी मित्रों की संगत उनको खराब करदेती है। हजारों पत्र हमारे पास आते हैं जिसमें सच मुच लोग रोते हैं और लिखते हैं कि यदि हमको इतनी हानियों से वह यथावत अवगत होते तो कभी अपने पांव पर आप कुल्हाड़ी न मारते, परन्तु जो गिर चुके हैं उनको हम न उठावें, यह सभ्यता और मनुष्यत्व से दूर है ॥

इस पुस्तक को सहस्रों की संख्या में बांटा जा चुका है, और अगणित पत्र आते हैं कि काश इस रिसाले को हमने पहिले पढ़ा होता ॥

यदि कोई अपनी इच्छा के अनुसार स्वयम् औषधि सोच ले तो वह मंगवा सके हैं, जो स्वयम् नहीं योजना कर सके उनको सविस्तर हाल उस फारम पर जो इस पुस्तक के पीछे लगी है लिखना चाहिये ॥

—o—

दूसरा भाग ।

अब हम उन मनुष्यों के वास्ते किञ्चित आवश्यक सूचनायें लिखते हैं जो दुर्भाग्य से हस्तमैथुन अथवा बहुमैथुन करने के कारण विविध रोगों में ग्रस्त हैं। हस्तक्रिया, लड़कों से व्यभिचार, और बहुमैथुन ने तो नाश ही कर दिया था, इस पर झूठे, लुटेरे, विज्ञापन बाजों ने रही सही कसर निकाल दी, प्रत्येक इस तबाही का लाभ उठाता है, और रोग के दूर करने का सच्चा झूठा दावा करता है। और रोगी भी यदि साधारण पेट दर्द हो, तो अच्छे से अच्छे वैद्य के पास जाते हैं, परन्तु धातु-

पुष्टि की औषधियां जिसका विज्ञापन (इश्तिहार) देखते हैं उसी से मंगवा लेते हैं। उन में से कोई सात दिन में ही सदैव को पुष्टि देने की प्रतिज्ञा करता है, कोई १५ दिन के भीतर बलवान पुरुष बनाता है, कोई चालीस दिन के भीतर पहलवान् बनाता है। विज्ञापन को पढ़ते ही रोगी फड़क जाता है, किसी को सन्यासी दवा बता गया है, किसी के बाप दादा की प्रभावशाली औषधि है। शब्द ऐसे लच्छेदार लिखते हैं, कि जो उसे पढ़े एक बार तो अवश्य ही दवाई मंगवाये। क्योंकि एक दो रुपया की औषधि से आयु भर की शक्ति का ठेका करते हैं। यदि इनमें से एक भी सच्चा होता तो रोगी क्यों भटकते फिरते? वास्तविक बात यह है, कि ऐसी औषधियों से थोड़े दिन किञ्चित पुष्टि ज्ञात होकर पश्चात् पहले से भी बुरी अवस्था होजाती है। हज़ारों और लाखों ऐसे रोगी हैं, जो एकको छोड़ दूसरी और दूसरी को छोड़ तीसरी और इसी प्रकार बीसों औषधियां मंगवाते रहते हैं। परन्तु "बढ़ता गया रोग यह ज्यों २ औषधि कीना" हम यह नहीं कहते कि सबके सब झूठे हैं परन्तु बहुत बड़ी संख्या इन लुटेरे विज्ञापन बाज़ों की है। एक ही औषधि को लेकर वह सब का उसी से इलाज करना चाहते हैं, और हम तजरुबे से कहते हैं कि कई रोगियों पर हम ने दस २ औषधियों को बदला, तब कहीं जाकर आराम हुआ। वीर्य्य सम्बन्धी रोगों का दूर करना कोई बालकों का खेल नहीं है। औषधि सेवन काल में लाभ और पश्चात् रद्दी होजाने का यह कारण है, कि उनमें अफीम, भंग, संखिया आदिक ऐसी निकृष्ट होती हैं, कि पहिले पहल तो उनका उत्तेजन कारी प्रभाव होता है परन्तु पीछे से सम्पूर्ण पट्ठे (स्नायु) दुर्बल होजाते हैं॥

साहबो! यदि आपको मेरे वचन पर विश्वास नहीं है तो किसी अपने मित्र से जो ऐसी औषधियां मंगवा चुका हो, दरियाफत करलें। यद्यपि बड़े २ दावे बांधने वालों से प्रत्येक की औषधि मंगवाई परन्तु रोगी की अवस्था में बीस से उन्नीस का फर्क न हुआ। इस प्रकार

का इलाज कराने से पहिले यदि "रिसाला हकीम व मरीज़ उर्दू" जो ≈)॥ को कार्य्यालय अमृतधारा से मिलता है पढ़ लिया जाय तो बहुत उचित होगा। इसमें वैद्य वा रोगी के कर्तव्यों का वर्णन है। हिन्दी में अनुवाद होरहा है॥

हां! बहुत दफा रोगी का भी अपराध होता है। यह स्मरण रखना चाहिये कि धातु सम्बन्धी सम्पूर्ण रोगों को बहुत धीरे २ आराम आता है और जो लोग आज इसकी कल उसकी औषधि सेवन करते रहते हैं, और दृढ़ता के साथ एक का नहीं करते वह अकृत कार्य्य रहा करते हैं। जिस योग्य वैद्य का तुमने इलाज आरम्भ किया है, और आराम लगा है, तो उसकी आज्ञानुसार चिकित्सा करते जाओ। आप सोचें तो सही, कि जिस मकान को गिराते हुए इतनी देर लगी है, कि कई सालों के पीछे क्रमशः इस दर्जे तक पहुंचा है, उसको फिर बनाने के वास्ते कितनी देर की आवश्यकता है। सोचो तो सही कि पांच साल की खराबियों से क्रमशः गई शक्ति को वापिस लाने के वास्ते आप केवल सप्ताह दो सप्ताह की अवधि देते हैं। हमने अपनी औषधियोंका नमूना इसीवास्ते रक्खा हुआ है कि यदि आपको विज्ञापनिक वैद्यों ने अविश्वासित (बदजन) कर दिया है, तो थोड़ी सी औषधि मंगवा कर देखलो, यदि किंचित भी हो तो फिर इसको यथेष्ट समय तक सेवन करो। जो लोग हमसे परिचित हैं,और औषधि निश्चित कराते हैं,चाहे एक ही सप्ताह में आजावे या छः मास में, वह सिवाय हमारे और किसी के पास न जावेंगे। क्योंकि उनको विश्वास हो चुका है कि हमारे यहां से अच्छी दवाई और कहीं नहीं मिलेगी। परमात्मा की कृपा है कि जो लोग हम से विधि पूर्वक इलाज कराते हैं वह प्रति सैकड़ा ६० आरोग्यता लाभ करते हैं। आगे ईश्वर के आधीन है, हम कोई दावा नहीं करते हैं। हम केवल यह कहते हैं, कि हम अच्छी से अच्छी औषधि देंगे, कि जो और जगह से नहीं मिलेगी, क्योंकि केवल इस

रोग को सौ से अधिक औषधियां हर समय हमारे यहां तैय्यार रहती हैं॥

हां मैं यह वर्णन कर रहा था, कि वीर्य्य सम्बन्धी रोगों को देर में आराम आया करता है। इसमें यह बात स्मरण रक्खें, कि शुक्रमेह अर्थात् धातुका मूत्र के साथ गिरना शीघ्र बंद होसक्ता है। स्वप्न दोष आधिक्य को इससे अधिक देर लगती है। जो लोग लिखा करते हैं कि हम चाहते हैं कि स्वप्न दोष पूर्णतः बन्द हो जावे, वह गलती करते हैं, अब उन के वास्ते ऐसा होना कठिन है। वह नदी जब एक बार बहने लग पड़ी तो फिर पूर्णतः बन्द कभी न होगी। इसलिये हमारा अनुभव है कि महीने में एक दो बार प्रायः जवानों को औषधि करने पर भी होता रहता है। सप्ताह में एक बार या अधिक (बाज़ों को रात में दो तीन बार होने लग जाता है) स्वप्न में वीर्य्य का निकल जाना बहुत बुरा है, और इसका अवश्य इलाज करना चाहिये। स्वप्नदोष वह अद्भुत हानिकारक होता है, जोकि बिना विषय सम्बन्धी स्वप्न के हो, बिना ध्यान होने के वीर्य्य निकल जाया करे और प्रभात को ही पता लगे। इसके सम्बन्ध में इतना और स्मरण रखना चाहिये कि बाज़ समय पुष्टि कारक दवा खाने पर स्वप्न दोष पहिले से अधिक हो जाया करता है। और इसका कारण यह होता है कि शरीर इस योग्य नहीं होता कि उस पुष्टि और वीर्य्य को सहार सके जो उस औषधि से उत्पन्न होता है। यदि औषधि धातु गाढ़ी करने वाली है तो धीरे २ स्वप्न दोष मिट जावेगा। शीघ्र पतन देर तक ठहरने वाला रोग है और इसका इलाज बड़ा कठिन है। कभी २ ऐसा भी देखा गया है कि स्वप्न दोष, धातु क्षीणता, धातु जाना सब दूर होगए, परन्तु शीघ्र पतन अभी विराजमान है॥

जब कि प्रवेश करते ही वीर्य्य निकल जाता है, या उत्तेजना होते ही धातु निकलनी आरम्भ होती है, या प्यार करते ही वीर्य्य स्खलित होजाता है, और लज्जा उठानी पड़ती है तो यह दशा अत्यन्त बुरी होती है। और चिरकाल तक इसके इलाज की आवश्यकता होती है। परन्तु जिसके तनिक भी स्तम्भन है यदि वह हमारी "शीघ्र पतन दूर विना औषधि" को मंगवा कर उसके नियमों पर करे तो अपने स्त्री को प्रसन्न रख सकता है यदि वह अमल भी करे जो इसमें वर्णन है तो स्तंभन की शक्ति भी बहुत बढ़ सकती है (जितनी चाहे) शीघ्र पतन रोग को बहुत ही धीरे २ आराम आया करता है। स्तम्भनकारी औषधियां खाकर एक दिन का गुज़ारा हो सकाहै, और महीने पन्द्रहवें किसी अच्छी दवाई से यदि आवश्यकता पड़े यह काम मजबूरन ले लें। परन्तु स्तम्भन की औषधियों के अधिक सेवन से शीघ्र पतन आगे से भी अधिक बढ़ जाता है और अन्य बहुत से रोगों के उत्पन्न होने का भय रहता है। स्तम्भनकारी औषधि केवल वही खानी चाहिये जो रोगो को नष्ट करने वाली हो अस्तु यही उचित है कि असली रोगों का इलाज करें, और उसके वास्ते तन मन धन से यत्न करें। साल भर भी औषधि खानी पड़े तो भी अवश्य खावे। अन्यथा स्मरण रहे कि यदि इधर उधर भटकते फिरेंगें, तो आराम नहीं आवेगा। कुछ लोग जितनी उनमें स्थंभन शक्ति होती है उससे अधिक इच्छा करते हैं, वस्तुतः यह शक्ति प्रत्येक मनुष्य में भिन्न २ होती है और जो किसी को स्वाभाविक हो उससे बढ़ना कठिन है जो पीछे कम हुई है वह औषधि से दूर होने योग्य है। १ मिनट से १० मिनट तक स्वाभाविक भिन्न २ प्रकृति वालों को मालूम हो सकती है। शीघ्र पतन के वास्ते एक स्नावन भी है ॥

कम उत्तेजना यदि अन्य कारणों से होतो पुष्टि कर औषधि खाने से शीघ्र आराम आजाता है। यदि कुछ किया गर्भाशय लो छूटे

तो इसके वास्ते पुष्टि कर औषधि की भी आवश्यकता पड़ती है, और साथ ही लिंगलेप वा मालिश भी कराई जाती है और धीरे २ आराम आ जाता है ॥

अचेतनता अथवा क्लैब्यता को विशेष रूप से दूर करने वाली और पुष्टि कर बहुत सी औषधियां हैं, और यदि प्रमेह, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, इत्यादि और रोग न हों तो दो तीन सप्ताह औषधि खाने से ही बहुत बल उत्पन्न हो जाता है। यहां यह स्मरण रखना चाहिए जब बाजीकरण के वास्ते औषधि सेवन करें, तो जो शक्ति औषधि से उत्पन्न हो वह ज्यों २ उत्पन्न हो, गंवाते न जावें। यह पुस्तक लिखी जा रही थी कि एक रोगी मेरे पास आया और प्रकट किया कि जो पांच पुड़िया औषधि आपने दी थी उससे पांच ही दिन पुष्टि रही, उसके पश्चात् फिर मैंने आज तक स्त्री प्रसंग नहीं किया। मैंने उससे प्रश्न किया कि पांच दिन में क्या आप सम्भोग कर सकते थे? उसने उत्तर दिया कि हां इन पांच दिनों में तो प्रति दिन करता रहा हूं। और इन दिनों घृत भी पचाता रहा हूं और पुष्टि भी खूब रही है। स्फूर्ति और तरुणाई भी मालूम होती रही है। मैंने उसको समझाया कि यदि वह ५ दिन सन्तोष तो यही पांच पुड़िया दो चार सप्ताह तक उसकी शक्ति को स्थिर रखती।

अतः इन रोगों की औषधियां

खाने के समय जितना मैथुन करने से दूर रहा जाय ही उत्तम है। जब तक औषधि सेवन करें तब तक बचे रहें, अन्यथा ४० दिन तो अवश्य परहेज करके एक औषधि सेवन करें। जिनको चिरकाल तक औषधि खानी पड़े वह मासिक इस क्रिया को कर सकते हैं। जो बहुत कामी हैं वह पन्दरहवें दिन करें यद्यपि उन्हें औषधि अधिक देर तक खानी पड़ेगी। जो किंचित भी रोक न [illegible] सकें है

यह भाड़े के टट्टू बने रहेंगे जब तक औषधि खाते रहे आराम रहेगा किन्तु कतिपय समय औषधियां भी काम न करेंगी ॥

हमारी औषधियों से इलाज कराने वाले निम्न लिखित बातों का ध्यान रक्खें ।

(१) यदि कोई ऐसी औषधि देखें जिसका प्रभाव ठीक आपकी अवस्था के अनुसार पड़ता है तो निसन्देह मंगावें ॥

(२) यदि केवल साधारण खराबी है, और किसी विशेष बात के वास्ते एक औषधि की आवश्यकता है, तो पत्र में हाल लिख कर औषधि मंगावें, (पत्र पढ़ने की फीस १ रुपये ली जाती है जोकि पत्र के साथ आनी चाहिये) इस दशा में औषधि भेज कर उस पत्र को दाखिल दफ्तर किया जाता है ।

(३) जिनका लम्बा इलाज है, और वह उस फार्म को जो इस पुस्तक के अन्त में लगा हुआ है, उसको निकाल कर खाना पुरी करके भेजदें, उनका नियमानुसार इलाज आरम्भ होगा, और एक फाईल खोली जाएगी, जिसमें उनके सब पत्र रक्खे जावेंगे, ऐसे मनुष्यों को मन लगा कर इलाज करवाना चाहिए, यह रोग कठिन हैं। एक औषधि से आराम मालूम न हो, तो इलाज छोड़ नहीं देना चाहिए, फाइल बनाने की फीस १) है, ऐसी दशा में २) मनी आर्डर करके भेजना चाहिये ॥

(४) बाज मनुष्य औषधियों के विषय में बड़ी २ आशाएं रक्खा करते हैं, वह समझते हैं कि एक डबिया अमुक वस्तु की खावेंगे और हम राजी हो जावेंगे, उनको मामूली आराम हो तो वह कहते हैं कि औषधि खराब है, उन लोगों से प्रार्थना है, कि वह हमारे इलाज को आरम्भ न करें, हमारे लाखों रुपये के कारखाने को जिन्होंने ... है, और औषधियों को बर्ता है वह जानते हैं कि उम्र से ज... खाने से शीघ्र

औषधि तैयार करने का हम उद्योग करते हैं और सैकड़ों औषधियां तैयार रखती हैं परन्तु आराम समय पर ही होता है, इतनी दूर बैठे हुए कभी परीक्षा की भी भूल हो सकती है, या बाज समय हम उचित नहीं समझते कि जोश करने वाली कोई औषधि दी जावे, ऐसी दशाओं में थोड़े दिनों के पीछे ही औषधि को बुरा कहने लग जाना अच्छा नहीं, बड़े से बड़े दुनिया के किसी चिकित्सक को लीजिए, साधारण रोगों के वास्ते बाज समय रोज नुसखे बदलने पड़ते हैं, फिर ऐसे कठिन रोगों में लोग क्यों इच्छा करते हैं कि पहिली ही औषधि से थोड़े ही दिनों में उनकी इच्छा के अनुसार आराम हो जावे, ऐसे लोग उनका इलाज करवाते रहते हैं जो उनको बड़ी २ आशाएं दिलावें, और हमेशा अकृतकार्य्य रहते हैं॥

(५) इलाज विश्वास से आरम्भ करो, अविश्वास से आराम नहीं होता है॥

(६) औषधादि भेजने में बड़ी सावधानी रक्खी जाती है, परन्तु फिर भी मनुष्य से गलती होना संभव है। क्लर्कादि से गलती हो सकती है, ऐसी दशा में तत्काल ही हमको सूचित करना चाहिये, गलती ठीक कर दी जायगी। यदि किसी कारण वश औषधि खाने से कोई कष्ट मालुम होतो उसे तत्काल ही बंद करके हमें सूचना देनी चाहिये ताकि उसके कारण को मालूम किया जाय॥

भस्मों का सेवन॥

यह एक अत्यन्त बुरा और निर्मूल विचार है कि भस्म ४० वर्ष की आयु के पहिले न खानी चाहिए॥

भस्म तथा रस द्वारा चिकित्सा एक अत्यन्त लाभ दायक विधि है। भस्में और रस ही है मानों मृत को जीवित कर सके है। मासों के रोग दिवसों में और दिवसों के रोग घण्टों में दूर, [illegible]

सामर्थ इन्हीं में है। एक२ भस्म व रस ही बीसों रोगों को दूर करसक्ता है। सन्यासियों का तीला प्रसिद्ध है, जो वर्षों के रोगों को एक दिनमें गंवा दिया करते हैं, वह इन्हीं भस्मों अथवा रसादिक से बनता है। भस्म एक दिन के बालक से लेकर सौ वर्ष के बूढ़े तक को उचित मात्रा में दी जासक्ती है। रसों और भस्मों का एक चावल जो कुछ कर सक्ता है, वह दूसरी औषधियों का एक कटोरा भी नहीं कर सक्ता। वैद्यक पत्र देशोपकारक जिन को पढ़ने का अवसर मिलता है वह भस्मों और रसों के कामों से भलीभान्त अवगत हैं, यहां विस्तार पूर्वक नहीं लिखा जा सक्ता॥

लोग कहते है कि भस्म हानि बहुत करती है, परन्तु मैं कहता हूं कि भस्मों, रसों, और प्रत्येक वस्तु को यदि उचित अवसर पर न दिया जावे तो हानि करती है। सोंठ भी यदि अनुचित विधि से दी जावे हानि करेगी और इसी प्रकार भस्म संखिया भी। परन्तु सोंठ का लाभ भी साधारण है और इस वास्ते अनुचित विधि से दी हुई हानि भी वैसी ही करती है, प्रत्युत भस्म संखिया जैसा कि गुण में अमृत तुल्य है अनुचित विधि से देने से उसका कुफल भी बहुत अधिक प्रगट होगा। अस्तु स्मरण रक्खो कि यदि भस्म प्रकृति को सोच विचार कर उचित विधि से दिया जाता है, तो कभी हानि न होगी प्रत्युत अमृतवत प्रमाणित होगी। भस्म और रसों में यह बड़ी विशेषता है, कि अनुपान के परिवर्तन से प्रत्येक प्रकृति के अनुकूल होजाते हैं। यथा एक रस पुष्टि के लिए हमने एक व्यक्ति को दिया और कहा कि पान से खाया करो, उसने खाया उसको बहुत गरमी हुई अब यदि वह उसकी मात्रा कम कर देवे या पान के स्थान में मक्खन या मलाई में खावे वही भस्म उसको लाभदायक होगी। भस्मों और रसों में लिखा होता है कि अमुक रोगमें लाभदायक है, तो वह उसके सम्पूर्ण प्रकारों में प्राय. हितकर होता है। यदि उचित रूप से स्वभाव के अनुसार अनुपान नियत कर

दिया जावे। भस्मों और रसों के द्वारा चिकित्सा एक महान् और श्रेष्ठ चिकित्सा है

एक बात और है कि जो भस्में उचित रूप से तैय्यार न की गई हों, वह वास्तविक हानि कारक होती हैं। यद्यपि रोग को दूर कर देती है, परन्तु अन्य हानियां करती हैं। जैसा कि अशुद्ध पारा की भस्म प्रायः नपुंसकता और कुष्ट को उत्पन्न करती है, यदि कोई ऐसी भस्म देता है तो उसका दोष है न कि भस्म का। प्रायः देखा गया है कि अशुद्ध धातुओं की बनी हुई भस्में बहुधा रोगों को उत्पन्न करती हैं, जिसको कि यह शुद्ध होकर दूर कर सकती हैं। इसका इलाज यह हो सक्ता है कि योग्य वैद्य से तैयार कराया जावे और ऐसे वैसे से न लिया जावे। मुझे एक बार एक महाशय ने लिखा, कि अमुक २ दुकानों से भस्म कलई ॥) तोला मिलती है आप १०)तोला क्यों बेचते हैं? मैंने उत्तर दिया कि ऐसी भस्म ।≈) तोला पर भेज सक्ता हूं परन्तु जो भस्म डेढ़ सौ पुट देकर महीने भर के परिश्रम से तैय्यार करू तो १०) रु० तोला से कम नहीं दे सक्ता। स्मरण रक्खो कि सस्ते की ओर ध्यान न देना चाहिए, किन्तु उत्तम औषधि की ओर, और हम आप लोगों को निश्चय दिलाते हैं, कि हमारी प्रत्येक भस्म अथवा रस अत्यन्त सफाई और चौकसी से तैयार किये जाते हैं। यदि खराब हो जावे तो तुरन्त फेंक दिया जाता है॥

भस्मों के सेवन के विषय में दो चार शब्द लिखने की इस लिये आवश्यकता हुई कि कभी २ कोई पत्र आ ही जाता है, कि मेरे मित्र मुझ को भस्म के सेवन करने से रोकते हैं। यह उनकी भूल है, क्योंकि यदि उन्हें भस्म हितकर है, तो निसन्देह उनको सेवन करना चाहिये॥

औषधियों के सेवन करने की विधि

(१) औषधि की जो कम से कम खुराक लिखी हो उससे आरम्भ करनी चाहिये। यथा लिखा हो कि मात्रा अर्द्ध गोली से दो गोली तक, मात्रा दो चावल से एक रत्ती तक, तो इसका अभिप्राय यही होता है, कि पहिले दिन सब से थोड़ी मात्रा अर्द्ध वटिका, अथवा २ चावल, अथवा जो कुछ लिखा हो खावें। यदि मात्रा एक वटिका दैनिक है तो छोटी वटिका ढूंढ कर खानी चाहिये। उस दिन यदि तबीयत पर कोई विशेष प्रभाव न हो, प्रत्युत ऐसा प्रतीत हो कि जैसे कोई औषधि खाई ही नहीं, तो अगले दिन मात्रा अधिक कर दें और इस प्रकार बढ़ाते जावें। यदि पहले ही दिवस गरमी अथवा कोई अन्य ऐसी ही बात प्रगट हो, तो दूध मलाई अधिक सेवन करें। तथा दूसरे दिन मात्रा किञ्चित् कम कर दें। सम्पूर्ण औषधियों के सेवन में इसी नियम को स्मरण रखना चाहिये, और यह भी स्मरण रहे कि पित्त प्रकृति वाले पौष्टिक औषधियों को अल्प मात्रा में सेवन कर सके हैं। और कफ प्रकृति वाले अधिक, जो लोग पचा सकें वह सायम प्रातः दो बार दवाई कर सके हैं। कुछ हानि नहीं है॥

(२) औषधि सेवन के दिनों में मैथुन से बचे रहना चाहिये। अथवा उन नियमों के अनुसार करना चाहिए जो प्रथम भाग में इसके विषय में अंकित है। यदि वीर्य्य को गाढ़ा करने वाली औषधि खाते हैं, तो ऐसे विचारों से भी बचे रहना चाहिये, परन्तु जब वाजीकरण के वास्ते खाते हों उचित मात्रा में सम्भोग बुरा नहीं है॥

(३) यदि कोई औषधि गुण करती हुई अनुभव न हो तो पत्र द्वारा पूछ सके हैं, और जो लाभ कर रही हो, तो उसका उद्देश पूरा होने पर्य्यन्त खाना चाहिये॥

(४) जो लोग कहा करते हैं, कि ऐसी औषधि दो कि सारी आयु भर औषधि की आवश्यकता न रहे, उन की सेवा में मेरा यह उत्तर है कि जब तुम उत्पन्न हुए थे और फिर जवानी प्राप्त की थी उस समय भी तो तुम को यह बीमारी न थी। यदि तुम ने अपनी अनुचित क्रियाओं से इसको लहेड़ लिया है, तो क्यों न फिर वैसी ... से यह बीमारी तुम्हें आ घेरेगी। यदि तुम स्वास्थ्य सम्बन्धी नियमों का पालन करोगे, और प्रथम भाग के नियमों का पूरा ध्यान रक्खोगे, तो निश्चय जानो कि फिर कभी यह रोग न होगा ॥

(५) दूध, घृत, मलाई मक्खन आदि पदार्थ ऐसी औषधि के सेवन करने वाले को अधिक खाने चाहियें, परन्तु इतना कि जो पच सकें। क्रमशः इन के पचने की शक्ति बढ़ती जाती है। दूध ... में उबला हुआ और गरमियों में धारोष्ण उत्तम है, जो कि उसी समय का दुहा हुआ हो। मलाई, मक्खन, शीतल स्निग्ध हैं, घी उष्णस्निग्ध है। यदि औषधि सेवन काल में कुछ रुक्षता अथवा दाह आदि प्रतीत हो तो मक्खन अथवा घी, अथवा दूध के खाने अथवा अर्क गावज़ुबान और बेदमुश्क आदि पीने से दूर होजाता है। दूध गरम करके उसमें घी और मिश्री मिलाकर पीना बहुत ही पुष्टि देता है, और वीर्य्य को बढ़ाता है। मध्यान्ह के उपरांत तीसरे पहर इस को भी पी लिया करे तो उत्तम है ॥

(६) पुष्टिकर औषधि सेवन करने से पहिले जुलाब ले लिया जाय तो उत्तम है, जिनके कोष्टबद्धता रहती हो उनको तो अवश्य लेना चाहिये ॥

(७) औषधियां प्रायः दूध के साथ खानी लिखी हैं। दूध गाय का उत्तम है। जो वह न मिले तो भैंस वा बकरी का, यदि दूध न मिले तो घी से अथवा मक्खन से अथवा मलाई से दवाई खावे। यह न मिले तो मधु से अथवा मधु व घृत से खा सकते हैं। परन्तु

स्मरण रहे कि मधु घृत से दुना हो। दूध जिन को अनुकूल न आवे वह काली मूसली का अर्क निकलवालें तो बहुत उत्तम है। मूसली १ सेर में छः सेर पानी मिला कर अर्क खिचवा लें॥

वीर्य्य सम्बन्धी रोगों में निम्न लिखित वर्जित है:—

मैथुन, तैल के पदार्थ, बहुत उष्ण (गर्म) पदार्थ, मल मूत्र आदि के वेग को रोकना, विष्टम्भी पदार्थ, छाछ, दही, और सम्पूर्ण प्रकार के खट्टे पदार्थ (यथावश्यक किंचित अनार दाना या इमली की खटाई खा सक्ते हैं।) दिन में सोना नमक का अधिक व्यवहार।

नि लिखित पदार्थ बल बढ़ाने वाले हैं:—

अच्छे २ स्वादिष्ट भोजन, राग, बाजा, अपनी प्रिय स्त्री को सुगन्धि लगा कर पास बैठाना, पुष्पों की माला, वाटिकाओं (बगीचों) की सैर, चन्द्रमा की चांदनी, घी, दूध, मिश्री मिलाकर पीना, गेहूं मक्खन, साठी चावल, दाख, शतावरि, कौंचबीज, गोखरू, तालमखाना असगन्ध, गाजर, बिनौला मेवा, सेमल का फूल खजूर, नारियल बादाम, तिल मूसली, मुलेठी, अकरकरा, जायफल, जावित्री, बंश लोचन सालिब, आंमला, खशखाश, मस्तगी, मोचरस, पीपल, सोंठ नागरमोथा, इत्यादि बल वीर्य्य को बढ़ाने वाले हैं॥

कुछेक वस्तु जो वीर्य सम्बन्धी रोगों के लिए लाभदायक हैं व अन्य औषधियों के सेवन के साथ अथवा वैसे ही इनको सेवन करना बड़ा गुणकारी है। यदि विशेष औषधियों के सेवन के साथ इनमें से कोई भी

वस्तु सेवन की जाय तो बहुत ही शीघ्र लाभ होता है।

(१) चावलों को और माश की घुली हुई दाल को २ घी में भून रक्खे। इन में से दो दो तोला लेकर दूध में डाल कर खीर की मान्तिं बना कर खायें तो वीर्य्य गाढा करता है। मस्तिष्क को बल देता है पौष्टिक तथा प्रमेह नाशक है॥

(२) इसबगोल दो तोले लेकर दूध में डाल कर खीर बना कर खाना पित्तज प्रकृति वालों के लिये विशेष गुण कारी है। प्रमेह को दूर करता है और पित्तज शिरः शूल को हितकर है। शीघ्र पतन को भी लाभदायक है। घर में तय्यार करते समय यदि दूध में इलायची, दारचीनी एक २ माशा और केसर एक आधी रत्ती मिला लिया जाय तो अधिक पौष्टिक हो जाता है॥

(३) वाजीकरण औषधियों के साथ जो दूध पिया जाता है यदि उस दूध में औटते समय सालिब मिसरी ६ माशा पीस कर डाल दी जावे और भली भान्ति पक जाने पर मिसरी मिला कर उस दूध को पिया जावे तो बहुत ही अच्छा है॥

(४) जो लोग सन्तानोत्पत्ति के लिये औषधि सेवन कर रहे हैं वह निम्न लिखित औषधियों को प्रयोग में लाते रहें। दूध को औटाते समय उस में ३ माशे से ६ माशे तक यथा स्वभाव कुकम बीज (छुहारे का गून्द) मलमल के कपड़े में बान्ध कर लटका दें। जब देखे कि सारा गून्द दूध में मिल गया तो उस दूध में मिसरी मिला कर पी लिया करें। गोन्द की मल इत्यादिक सब कपड़े में ही रह जावगी॥

(५) मलाई के लड्डू--मलाई बढ़िया आध सेर, घृत पाव सेर और मिश्री एक सेर मिला कर मध्यम अग्नि पर पकावें

जब गाढ़ा होने पर आवे तो छोटी व बड़ी इलायची जावित्री, लवङ्ग, केसर सब एक तोला मिला दें और पांच २ तोला के लड्डू बना लेवें भूख लगे तो एक खालिया करें ॥

(६) पौष्टिक जामन—कौञ्च बीज की गिरी को बारीक पीस कर पानी में गून्ध लें और समतोल खोया मिला कर गुलाब जामन की भान्ति घृत में तल कर मिसरी की चाशनी में डाल देवें। पांच सात गुलाब जामन नित्य प्रति खाया करे। . ही पौष्टिक और शीघ्र पतन तथा प्रमेह नाशक है। यदि जलेबी बनानी हो तो कौञ्च बीज के बराबर गेहूं का आटा (खमीर डाला हुआ जैसा कि जलेबी के लिये होता है) मिला कर जलेबियां तल कर चाशनी में डाल देवे। इन जलेबियों को दूध में डाल कर खाना न्त काम वर्धक है ॥

(७) नारियल को बारीक कुतर कर दूध में मिला कर मध्यम अग्नि पर पकावें जब खीर की न्याई हो जावे तो इस में घृत डाल कर पकने दे जब अच्छी तरह पक जावे मिसरी मिला कर खावे इस खीर के खाने से दुर्बल मनुष्य मोटा हो जाता है। वीर्य पुष्ट होता है और मस्तिष्क में बल आता है ॥

(८) पूड़े—काले तिल, असगन्ध, कौञ्च बीज, खिरारी कन्द सब को सम तोल लेकर चूर्ण बना ले और चूर्ण के समान साठी के चावल पीस कर मिलावे। इस में से दो दो तोले लेकर बकरी व गाय के दूध में पतला २ गून्ध कर पूड़ों की तरह घी में तल ले इन पूड़ों को दूध की खीर के साथ खाया करे तो बल वीर्य्य को बढ़ा तथा शरीर को पुष्ट करने में अद्वितीय है ॥

(९) चनों की दाल— चनों की दाल को रात्रि भर दूध भिगो रक्खें प्रातः सिल बट्टे पर पीठी बनावें उसके घृत में पकौड़े ह

और अभी गरम ही हों कि उनको हाथों से मल कर बारीक करलें फिर घी में भूने। और फिर एक सेर मिसरी मिलावें प्रति दिन दो से पांच तोला तक खावें बड़े पौष्टिक हैं।

अब हम उन औषधियों का वर्णन करते हैं जो साधारण रूप से इन रोगों में हम वर्तते रहते हैं। हमारे पास अनेक रोगों की बहुत सी औषधियां तय्यार रहती हैं। परन्तु उन औषधियो की सम्पूर्ण सूची नहीं हैं, जो साधारण रूप से हितकर हैं उनका वर्णन सेवन विधि समेत नीचे करते हैं। अपनी औषधियों के प्रभावशाली होने के भरोसे पर प्रायः प्रत्येक औषधि का नमूना भी देते हैं, अर्थात् प्रथम इसके कि कोई औषधि आप खरीदें यदि आप उचित समझें तो उसका नमूना मंगालें, फिर हम कहते हैं कि हमारी औषधियाँ स्वयम् प्रशंसा करायेंगी॥

रहे कि औषधियों के साथ कोई पृथक सेवन विधि पत्र नहीं भेजा जाता, प्रत्येक दवाई की सेवन विधि यहां ही लिखी है। और पथ्यादि का नियम पृष्ठ ३३, ३४ पर अंकित हैं, सब के साथ ऐसाही समझें॥

अक्सीर नं० १—(महत् वाजीकरण औषधि) यह दवाई बहुत सी पुष्टि कारक औषधियों का समूह है। यह उन रोगियों को सेवन करना चाहिये जिनको प्रमेह स्वप्नदोष आदि की तो ऐसी बहुत शि[illegible] नहीं है केवल नाताकती (दुर्बलता है)। और यह औषधि धातुपौष्टिक होने के अतिरिक्त वात, कफ के रोग खांसी, नजला, जुकाम, कटिशूल, सन्निवात, छातीदर्द, आदि रोगों को दूर करती है। शीघ्रपतन को भी दूर करती है, और दूध घी इस

के अधिक पचते और बल देते हैं। शरीर में रक्त बढता है और मुखे पर सुरखी आती है मूल्य ६४ गोली ४) नमूना ८ गोली ॥) खूराक एक गोली से तीन गोली तक प्रातः भोजन खाने से प्रथम और रात को भोजन के पश्चात् २ घण्टा का अन्तर देकर दूध के साथ खावें

अकसीर नं० २, (लक्ष्मी विलास रस)—यह औषध शुक्रमेह शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, को गुण करती है, ज्वरादि रोगों के पश्चात् जो दुर्बलता धातु क्षीणता अथवा प्रमेह आदि होजाते हैं, उसको दूर करने में रामबाण है। इसके सेवन करने से बल वीर्य भी बहुत बढ़ता है। जनाव हकीम हीन साहब भूतपूर्व चिकित्सक श्री महाराज जम्मू ने इसके सेवन के जो अनुभूत लिखे हैं वह नीचे अंकित करते हैं:—

सन्निपात—में एक गोली अदरक के पानी के अथवा सोंठ के क्काथ के साथ सायम् प्रातःकाल देवें॥

कुष्ट के लिये—नीम के पत्ते अथवा छाल के क्काथ के साथ एक दो गोली खिलावें॥

प्रमेह—शुक्रमेह व अन्य प्रमेहों पर दूध के साथ एक गोली प्रभात खिलावें॥

भगंदर, ववासीर, नासूर—के वास्ते अर्क सौंफ के साथ खिलानी चाहिये और अंडवृद्धि के वास्ते हड़ के पानी से खिलावें॥

संग्रहणी—अतिसार, रक्तविकार के वास्ते खशखास के डोडो के पानी से खिलावे, अर्थात् डोडो को पानी में भिगो रक्खे और मल छान कर एक वा दोनो समय देवें

खांसी—में हर्ड का चूर्ण १ माशा मिलाकर अर्क गावजुबान के साथ देवें।

रक्तार्श (खूनीबवासीर)—पे शरबत के ॥

जोड़ों की दर्द हो तो अदरख के पानी अथवा सोंठ के काथ के साथ । हकलापन के वास्ते ४ रत्ती वच का चूर्ण मिला कर गरम पानी से खिलावें ॥

गले के दर्द—में मिश्री के साथ देवें । उदर शूल में गरम पानी के साथ चाहिये ॥

कर्णशूल(दर्द कान)—में मको (काच माच) के काथ के साथ खिलावें ॥ आंख पीड़ा करती हो तो घृत के साथ ॥

नासिका की दुर्गन्धि के लिये खमीरा बनफशा के साथदेवें

आंख की दुर्बलता के लिये—घृत के साथ । समस्त आन्तरिक पीडाओं को रोगन बादाम एक तोला के साथ । सिर दर्द के वास्ते शर्बत अनार के साथ । प्रदर में बकरी के दुग्ध के साथ हितकारी है ॥

